Rajasthan Patrika, Ahmedabad, August 19, 2010

टीसीएस आईटी विज को अच्छा समर्थन

अहमदाबाद. टाटा कन्सल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अहमदाबाद में आयोजित देश के स्कूलों के लिए सबसे बड़े टेक क्विज, टीसीएस आईटी विज 2010 को अच्छा समर्थन मिला। टैगोर हॉल में आयोजित टीसीएस आईटी विज में एक हजार से अधिक बच्चों न भाग लिया।

तीव्र बुद्धि क्षमता का कयास निकालने वाले कुछ प्रश्न व अत्यंत रोमांचक फाइनल के बाद नवरचना स्कूल-वडोदरा के अभिनव गोयल तथा अंशुल शाह विजेता रहे। विजेताओं को ट्रॉफी तथा प्रत्येक को एक लैपटॉप इनाम के रूप में दिया गया, जबकि संत कबीर स्कूल, अहमदाबाद के हृदय और कुशल शाह रनर्स अप रहे, जिन्हें नोटबुक व ट्रॉफी दी गई। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष अशोक भट्ट उपस्थित थे, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। क्षेत्रीय फाइनल में पहुंची सात टीमों को टीसीएस की ओर से बैकपैक्स, एमपी3 प्लेयर, हैडफोन्स, टी शर्ट्स तथा वॉटर सिपर्स दिए गए।

विजेताओं के लिए विशेष पुरस्कार में टीसीएस के सीईओ और एमडी एन. चंद्रशेखर के साथ डीनर का भी समावेश होता है।